महिला पर्यवेक्षिका

समेकित बाल विकास सेवा कार्यक्रम के कार्यान्वयन के निगरानी संबंधी कार्य :

आँगनबाड़ी सेविकाओं को उनके कार्य से संबंधित निरंतर निदेश देना तथा यह सुनिश्चित करना कि माह में कम–से–कम 25 दिनों में उसके क्षेत्र अंतर्गत आँगनबाड़ी केन्द्र संचालित हो तथा उन पर नियमित पोषाहार एवं टी0एच0आर0 वितरण हो। इसके लिए प्रत्येक माह अपने क्षेत्र अंतर्गत आँगनबाड़ी केन्द्रों में कम–से–कम एक बार भ्रमण करना तथा सप्ताह में एक बार महिला स्वास्थ्य कर्मी (ANM) के साथ संयुक्त भ्रमण करना। अपने निर्धारित कार्यस्थल से कम–से–कम पाँच किलोमीटर दूर के गाँवों में सप्ताह में एक रात निवास करना। आँगनबाड़ी सेविका के कार्य संचालन में आने वाली दिक्कतों की पहचान एवं उसका निराकरण करना और उसकी सूचना बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को देना। अपने कार्यक्षेत्र मुख्यालय में आँगनबाड़ी सेविकाओं का मासिक बैठक आयोजित करना, जिसमें आशा एवं ए.एन.एम. की सहभागिता सुनिश्चित करना। बैठक में 1 या 2 मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा करना। उदाहरणस्वरूप – ग्रोथ मॉनिटरिंग, डायरिया मैनेजमेंट आदि।

अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी आँगनबाड़ी केन्द्रों पर आँगनबाड़ी विकास समिति का गठन एवं नियमित बैठकों को सुनिश्चित करवाना इनका महत्वपूर्ण कार्य होगा। महिला पर्यवेक्षिका को प्रत्येक माह अपने सेक्टर अंतर्गत 25 आँगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करना है।

आँगनबाड़ी केन्द्र पर लाभुकों की सूची तथा पंजियों के संधारण संबंधी कार्य :

आँगनबाड़ी केन्द्र भ्रमण के क्रम में इनके द्वारा आँगनबाड़ी सेविकाओं को घर–घर जाकर सर्वेक्षण का कार्य कराना, प्रत्येक तीन माह पर सर्वेक्षण के आँकड़ों को संशोधित करवाना तथा संबंधित परिवार एवं वास्तविक लाभार्थियों की सही–सही सूची तैयार करवाना महत्ता के साथ शामिल है।

कमजोर वर्ग के लाभार्थियों, अतिकुपोषित बच्चों (विशेष रूप से जो 3 वर्ष से कम के हो) की सूची की जाँच करना। सर्वेक्षण पंजी में जन्म एवं मृत्यु के आँकड़ों तथा टीकाकरण पंजी सहित अन्य पंजियों के आँकड़ों की जाँच करना तथा उन्हें सही रूप में संधारित करने हेतु सेविका को आवश्यक निदेश देना। विशेषकर कम पढ़ी–लिखी आँगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक आयोजित कर उन्हें पंजियों/आँकड़ों के संधारण में सहयोग प्रदान करना।

आँगनबाड़ी केन्द्रों पर आपूर्ति किये जाने वाली दवाओं, स्कूल पूर्व शिक्षा की सामग्री, पंजियों तथा पोषाहार सामग्रियों के भंडारण तैयारी, वितरण आदि से संबंधित सभी विषयों की विस्तृत जाँच करना एवं अनियमितता पाये जाने पर इसकी सूचना बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को देना।

संदर्भ : निदेशालय का पत्रांक 2351 दिनांक 04.08.2006 एवं पत्रांक 1775 दिनांक 18.05.2012 जो क्रमशः अनुलग्नक–7.2 तथा 7.3 के रूप में मार्गदर्शिका के पृष्ठ सं0 206–209 एवं 210–216 पर संलग्न है

आँगनबाड़ी सेविका द्वारा तैयार किये मासिक प्रगति प्रतिवेदन के आँकड़ों की जाँच करना एवं ससमय परियोजना कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु निदेश देना।

इस संबंध में महिला पर्यवेक्षिका द्वारा एक दैनन्दिनी भी रखी जाएगी, जिसमें आँगनबाड़ी केन्द्रों से संबंधित आँकड़ों, गर्भवती एवं धात्री माताओं की संख्या, विभिन्न प्रकार के सेवाओं से संबंधित लाभार्थियों की संख्या, अतिकुपोषित बच्चों की संख्या आदि उपलब्ध हो।

सामुदायिक सहभागिता को सुनिश्चित करने संबंधी कार्य :

सेविका को स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा कार्यक्रम के संचालन, नवजात शिशुओं को होने वाली बीमारियों से बचाव के संबंध में महिलाओं को जानकारी/प्रशिक्षित करने हेतु उत्प्रेरित एवं सहयोग करना। अतिकुपोषित बच्चों एवं जोखिम वाली माताओं के घर का भ्रमण करना तथा आँगनबाड़ी सेविकाओं एवं माताओं को उनके सही देखरेख हेतु निदेश देना, साथ ही महिला मंडल की बैठक के आयोजन एवं उनके सशक्तिकरण में सहयोग प्रदान करना।

गाँवों में ग्राम पंचायत, महिला मंडल, गणमान्य व्यक्तियों, स्थानीय संस्थाओं प्राथमिक विद्यालय एवं युवा क्लब आदि से सम्पर्क स्थापित कर उन्हें समेकित बाल विकास सेवा कार्यक्रम में शामिल करना।

सेवाओं का सुदृढ़ीकरण संबंधी कार्य :

महिला पर्यवेक्षिका सदैव आँगनबाड़ी सेविका को दिये गये प्रशिक्षण एवं उनके द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्य के बीच कड़ी के रूप में कार्य करते हुए बच्चों विशेष रूप से अतिकुपोषित बच्चों के संबंध में सही उम्र, उनका सही वजन लेकर ग्रोथ चार्ट में अंकित करने का निर्देश देना।

आँगनबाड़ी सेविकाओं को स्कूल पूर्व शिक्षा के संचालन में कहानी कहने, खेल का आयोजन करने, रंगों की पहचान कराने आदि से संबंधित निदेश मार्गदर्शन देना।

बचपन दिवस, ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस, जैसे – महत्वपूर्ण दिवसों में शामिल होकर कार्यक्रम की गुणवत्ता को बढ़ाना आपके महत्वपूर्ण दायित्वों में आते है।

आँगनबाड़ी सेविका/सहायिका

आँगनबाड़ी सेविका :

समेकित बाल विकास सेवा कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु योजना का निर्माण संबंधी कार्य :

आँगनबाड़ी सेविका को सर्वप्रथम अपनी सेवाओं के निष्पादन के लिए अपने पोषक क्षेत्र का नजरी नक्शा, सर्वेक्षण द्वारा लाभार्थियों की सूची बनाना शामिल है। जन्म व मृत्यु का पंजीकरण, लाभार्थियों की सूची एवं आँगनबाड़ी केन्द्र पर दी जाने वाली सेवाओं की सूचना के प्रदर्शन के साथ आँगनबाड़ी केन्द्र पर साईन बोर्ड भवन के बाहर प्रमुखता से लगाया जाना, इनका प्रमुख कार्य है।